राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024

चर्चा में क्यों?

हाल ही में प्रधानमंत्री ने जयपुर प्रदर्शनी एवं कन्वेंशन सेंटर (JECC) में राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन, 2024 और राजस्थान वैश्विक व्यापार एक्सपो **का उद्घाटन किया।**

मुख्य बिंदु

- **वैश्विक निवेश शिखर सम्मेलन 2024:**
  - निवेश शिखर सम्मेलन का **विषय "पूर्ण, ज़िम्मेदार, तैयार (Replete, Responsible, Ready)"** है, जिसमें सतत खनन, जल सुरक्षा **और महिलाओं के नेतृत्व वाले** स्टार्टअप पर चर्चा की जाएगी।
  - 32 से अधिक देश और 20 अंतर्राष्ट्रीय संगठन विषयगत सत्रों और प्रदर्शनियों में शामिल होंगे, जिनमें राजस्थान की क्षमता का प्रदर्शन किया जाएगा।
- **राजस्थान की विकास संभावनाएँ:**
  - राजस्थान में महत्त्वपूर्ण खनिज भंडार, विशाल प्राकृतिक संसाधन और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है, जो इसे एक **निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करती है।**
  - राजस्थान को दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जैसी परियोजनाओं से लाभ मिल रहा है, जिससे औद्योगिक लॉजिस्टिक्स में सुधार हो रहा है।
  - रणथंभौर और जयपुर जैसे अद्वितीय आकर्षणों के साथ, राजस्थान वन्यजीव, विरासत **और** साहसिक पर्यटन **का केंद्र है।**
- **नवीकरणीय ऊर्जा और विनिर्माण में भूमिका:**
  - राजस्थान बड़े सौर पार्कों **के साथ** भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों **में योगदान दे रहा है,** जो वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट क्षमता के लक्ष्य को पूरा करेगा।
  - मेक इन इंडिया और प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) योजनाओं के तहत, राजस्थान ऑटोमोटिव, इलेक्ट्रिक वाहन और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में क्षमता निर्माण कर रहा है।
- **सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME):**
  - राजस्थान **MSME क्षेत्र में शीर्ष 5 राज्यों में शामिल है,** जहाँ 27 लाख से अधिक इकाइयाँ 50 लाख लोगों को रोज़गार प्रदान कर रही हैं।
  - नई MSME नीतियों और आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना जैसी ऋण योजनाओं ने वर्ष 2014 से MSME के लिये ऋण प्रवाह को दोगुना कर दिया है।
  - राजस्थान में MSME वैश्विक आपूर्ति शृंखला को बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (ECLGS)

- ECLGS को कोविड-19 संकट के उत्तर में केंद्र के आत्मनिर्भर पैकेज के हिस्से के रूप में 2020 में लॉन्च किया गया था।
- इसका उद्देश्य देशव्यापी लॉकडाउन के कारण **अपनी परिचालन देनदारियों को पूरा करने के लिये संघर्ष कर रहे छोटे व्यवसायों को सहायता प्रदान करना था।**
- **राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी (NCGTC) द्वारा** सदस्य ऋणदाता संस्थाओं (MLI)- बैंकों, वित्तीय संस्थानों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) को 100% गारंटी प्रदान की जाती है।
- योजना के अंतर्गत **जिस ऋण उत्पाद के लिये गारंटी प्रदान की जाएगी, उसका नाम 'गारंटीकृत आपातकालीन ऋण लाइन (GECL)' होगा।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rising-rajasthan-global-investment-summit-2024